## हनुमान मंदिर में विश्व हिंदू महासंघ का शुभारंभ, हनुमान चालीसा-आरती के साथ की गई पहली बैठक



- अमित राठौर को मिली समाज एवं संगठन की एक ओर जिम्मेदारी

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। पार्वती बाई धर्मशाला स्थित हनुमान मंदिर परिसर में विश्व हिंदू महासंघ के शुभारंभ अवसर पर भव्य कार्यक्रम एवं प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती के साथ हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश कार्यकारिणी उपाध्यक्ष श्री मनीष परदेशी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने संगठन की विचारधारा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए हिंदू समाज की एकता, जागरूकता और संगठन की मजबूती पर बल दिया।**

बैठक के दौरान संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष के पद पर राहुल सिंह बिसेन, जिला मीडिया प्रभारी के पद पर अमित राठौर तथा जिला सचिव के पद पर अशोक हर्षपाल को नियुक्त किया गया। नियुक्ति के पश्चात सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं दी गईं।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि विश्व हिंदू महासंघ हिंदू समाज के हितों की रक्षा, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरण एवं राष्ट्र सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करेगा। संगठन के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़कर सेवा और संस्कार की भावना को मजबूत किया जाएगा।

कार्यक्रम में अमित गुप्ता, दीपक राठौर, विजय राठौर, प्रवीण शर्मा, अक्षत वर्मा, जगदीश मालपानी, लोकेंद्र वर्मा, सूरज परदेशी, अभिषेक राठौर,देवांश राठौर, प्रथम राठौर, सक्षम मंडलोई, विजय राठौर, प्रियांश राठौर तथा बड़ी संख्या में हिंदू समाज के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं संगठन के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। अंत में हनुमान जी की महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## बिजली परियोजना में बाधा डाली, 9 पर एफआईआर

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। सिंहस्थ महापर्व के पूर्व विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा 132 केवी सनावद आरटीएस-निमाड़खेड़ी विद्युत पारेषण लाइन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के निर्माण में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में धनगांव पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।**



जानकारी के अनुसार, 63 टावरों वाली इस विद्युत पारेषण लाइन परियोजना में अब तक 61 टावरों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष कार्य को सिंहस्थ के पूर्व पूर्ण करने के लिए कंपनी द्वारा तेजी से निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिनों सुलगांव स्थित श्रीमती तुलसाबाई की कृषि भूमि पर लाइन से संबंधित गेटरी फाउंडेशन निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया था।

आरोप है कि उसी दौरान खरगोन जिले के ग्राम छाल्पा निवासी गोपाल पाटीदार, ग्राम सिटोक्का बड़वाह निवासी रामेश्वर गुर्जर, सनावद क्षेत्र के ग्राम बड़ूद निवासी विशाल गुर्जर और कैलाश पाटीदार, जगदीश यादव, उदित नांदिया निवासी मोरघड़ी, सीताराम निवासी इंगला बासवा, धर्मेंद्र निवासी बासवा तथा महेश्वर निवासी किशोर पाटीदार मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न की। आरोपियों द्वारा वहां कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने के साथ ही आगे कार्य नहीं करने की धमकी देने का भी प्रयास किया गया।

मामले की शिकायत के बाद धनगांव थाने में गुरुवार दोपहर नौ लोगों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 221, 132, 127(2) तथा 189(5) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। धनगांव थाना के उप निरीक्षक दिनेश कुमरावत ने प्रकरण दर्ज होने की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए विद्युत पारेषण लाइन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। ऐसे में निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न होने को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है।

**63 में से 61 टावर तैयार**

132 केवी सनावद आरटीएस-निमाड़खेड़ी विद्युत पारेषण लाइन के कुल 63 टावरों में से 61 टावरों का निर्माण पूरा हो चुका है। शेष दो टावरों का कार्य भी शीघ्र पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि सिंहस्थ के पूर्व परियोजना का कार्य पूर्ण किया जा सके।

## चार दिन तक नहीं हुई पहचान, लावारिस शव का सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया अंतिम संस्कार

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** मानवता की मिसाल पेश करते हुए पूर्व निमाड़ सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति के सदस्यों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक अज्ञात व्यक्ति का अंतिम संस्कार कर उसे सम्मानजनक विदाई दी। समाजसेवी व समिति सदस्य सुनील जैन ने बताया कि रेलवे ट्रैक के पास मिले शव की पहचान चार दिन तक नहीं हो सकी, जिसके बाद समाजसेवियों ने अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी निभाई।



जानकारी के अनुसार 7 जून 2026 को खंडवा-इटारसी डाउन रेलवे ट्रैक पर खंभा नंबर 592/16-18 के बीच करीब 40 से 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। प्रारंभिक जांच में ट्रेन से गिरने के कारण उसकी मौत होना सामने आया। मामले में थाना जावर पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम कर मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन परिजनों का पता नहीं चल सका। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि परिजनों के नहीं मिलने पर 10 जून को राजा हरिश्चंद्र मुक्तिधाम में अज्ञात मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान समाजसेवी आशीष चटकेले, भूपेंद्रसिंह चौहान, आशिक पंवार, हेमंत घारू, रियासत अली, मो. मुबारक पटेल तथा पुलिस विभाग से आरक्षक प्रकाश सरसैया उपस्थित रहे। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि किसी भी व्यक्ति का अंतिम संस्कार सम्मानपूर्वक होना मानवता का धर्म है। अज्ञात मृतक को अंतिम विदाई देकर यही संदेश देने का प्रयास किया गया।

## यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में सामूहिक योग 21 को

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी कुलसचिवों, प्राचार्यों और संबंधित संस्थानों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### एक नजर में

## आज से लगेंगे तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर

**खंडवा।** जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर 12 से 14 जून तक तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें लाभ से जोड़ा जाएगा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि मैदानी अमले के सहयोग से ऐसे पात्र लोगों को शिविरों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा, जो अब तक योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। शिविरों में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्य घर, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी, वीबी-जी-रामजी सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा। जनपद पंचायत खंडवा, पंधाना, पुनासा, छनेरा, खालवा, छैगांवमाखन एवं बलड़ी के कार्यालय परिसरों में शिविर लगाए जाएंगे। संबंधित एसडीएम नोडल अधिकारी तथा तहसीलदार एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी रहेंगे। वहीं मूंदी, ओंकारेश्वर और खंडवा नगर निगम कार्यालय परिसर में भी शिविर आयोजित होंगे। खंडवा नगर निगम क्षेत्र के लिए आयुक्त प्रियंका राजावत को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## बाल चौपाल से 42 बच्चों की स्कूल में वापसी




**खंडवा।** शिक्षा से दूर हो चुके बच्चों को पुन: विद्यालयों से जोड़ने के लिए बाल कल्याण समिति अध्यक्ष एवं बाल शिक्षाविद् प्रवीण शर्मा द्वारा संचालित बाल चौपाल सकारात्मक परिणाम दे रही है। इस नवाचार के तहत बच्चों और उनके अभिभावकों से संवाद कर मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग के माध्यम से शिक्षा के प्रति विश्वास और जागरूकता विकसित की जा रही है।शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत अब तक 42 ड्रॉप आउट और नवीन बच्चों का स्कूलों में प्रवेश कराया जा चुका है। इनमें ऐसे बच्चे भी शामिल हैं जो मानसिक तनाव, आत्मविश्वास की कमी, पारिवारिक समस्याओं अथवा सामाजिक परिस्थितियों के कारण पढ़ाई से दूर हो गए थे। प्रवीण शर्मा ने बताया कि प्रत्येक ड्रॉप आउट बच्चे के पीछे कोई न कोई सामाजिक, पारिवारिक या मनोवैज्ञानिक कारण होता है। ऐसे बच्चों को केवल विद्यालय भेजना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके मनोभावों को समझकर उनमें आत्मविश्वास जगाना भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से बाल चौपाल में मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग को विशेष महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों के संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है। स्कूल से दूर होने वाले बच्चे बाल श्रम, बाल विवाह और शोषण जैसी समस्याओं के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। ऐसे में बच्चों को पुन: शिक्षा से जोड़ना उनके अधिकारों और सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बाल चौपाल का संदेश है— किसी बच्चे को बदलने से पहले उसके मन को समझना जरूरी है।

## राज्य महिला आयोग ने शुरू की टोल-फ्री हेल्पलाइन सेवा

**खंडवा।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए महिलाओं के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-233-6112 का शुभारंभ किया। हेल्पलाइन के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं सीधे आयोग से संपर्क कर अपनी शिकायतें, समस्याएं और सुझाव दर्ज करा सकेंगी।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा यादव ने बताया कि नई टोल-फ्री हेल्पलाइन महिलाओं और आयोग के बीच सीधा संवाद स्थापित करेगी, जिससे उनकी समस्याओं का त्वरित संज्ञान लेकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। यह व्यवस्था विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए उपयोगी होगी जो किसी कारणवश सीधे आयोग तक नहीं पहुंच पाती हैं। मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा शुरू की गई यह टोल-फ्री हेल्पलाइन महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा न्याय तक उनकी पहुंच को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्रीमती यादव ने प्रदेश की सभी महिलाओं से अपील की है कि आवश्यकता पड़ने पर वे नि:संकोच टोल-फ्री नंबर 1800-233-6112 पर संपर्क कर समस्याएं दर्ज कराएं और उपलब्ध सुविधाओं है।

## भूमका और पडिहार बनेंगे आधुनिक चिकित्सा के ब्रांड एम्बेसडर

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** आदिवासी क्षेत्रों में परंपरागत चिकित्सा पद्धति से लोगों का उपचार करने वाले भूमक और पडिहार को अब आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की जानकारी देकर स्वास्थ्य जागरूकता का माध्यम बनाया जाएगा। इसी उद्देश्य से जनपद पंचायत खालवा के सभाकक्ष में ट्राइबल हीलर्स के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई।




कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा ने कहा कि आदिवासी अंचल में वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े इन परंपरागत चिकित्सकों के अनुभव को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़कर सामुदायिक स्वास्थ्य में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुपोषण से लड़ाई में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। पोषण पुनर्वास केंद्र भेजे जाने वाले प्रत्येक कुपोषित शिशु पर संबंधित पडिहार को 100 रुपये का मानदेय भी दिया जाएगा। कार्यशाला में भूमका और पडिहार को बीमार बच्चों और गर्भवती महिलाओं को समय पर सरकारी चिकित्सकों से उपचार कराने, कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र भेजने तथा अंधविश्वास आधारित उपचार पद्धतियों से बचने के संबंध में समझाइश दी गई। कार्यक्रम में आयुष, स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस दौरान ट्राइबल हीलर्स का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।



## जन-जन की आस्था के केंद्र बिंदु राम और कृष्ण

**इंदौर.** भारत भूमि अवतारों की भूमि है. सनातन संस्कृति में नदी, पपर्वत, वृक्ष और जीवों को भी पूजनीय और वन्दनीय माना गया है. दुनिया के किसी अन्य देश में ऐसे विराट चिंतन का प्रमाण नहीं मिलता. राम और कृष्ण अपनी लीलाओं से पृथ्वी लोक का कल्याण करने के लिए ही अवतरित हुए हैं. आज भी ब्रज क्षेत्र के कण-कण में राधा और कृष्ण की सुगंध रची-बसी है. राम और कृष्ण जन-जन की आस्था के केंद्र बिंदु हैं.

ये विचार हैं वृन्दावन के जगदगुरु गोपेश्वर चैतन्य महाराज के, जो उन्होंने बुधवार को गीता भवन पर मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल की मेजबानी में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में श्रीराम एवं कृष्ण जन्म प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. कथा में कृष्ण जन्म का उत्सव धूमधाम से मनाया गया. कथा शुभारंभ के पूर्व मंडल के अध्यक्ष रामकिशोर राठी, बजरंगलाल मालानी, कपिल लाहोटी, मनोज धूत, गौरीशंकर लोहिया, श्रीकांत गिलडा, गिरिराज बंग, रामवल्लभ भूतड़ा, रामप्रसाद चांडक, श्याम सुंदर कोठारी, रामदेव बलदेवा आदि ने सपत्नीक व्यास पीठ का पूजन किया. जगदगुरु गोपेश्वर चैतन्य महाराज के श्रीमुख से 13 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक भागवत कथामृत की वर्षा हो रही है.

## उद्यानिकी योजनाओं का करें प्रचार-प्रसार किसानों को करें जागरूक : सांसद पाटिल

**खंडवा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को किसान हितैषी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को विभाग के पोर्टल की जानकारी देकर ऑनलाइन आवेदन के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि अधिक किसान योजनाओं का लाभ ले सकें।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को आयोजित बैठक में सांसद पाटिल ने अधिकारियों से कहा कि वे कार्यालयों में सीमित रहने के बजाय ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों एवं आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के प्रति जागरूक करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं के तहत मिलने वाली सहायता जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हितग्राहियों को वितरित की जाए।बैठक में मांधाता विधायक नारायण पटेल ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से लाभान्वित किसानों से राजस्व वसूली के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित करने को कहा। बैठक में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, विद्युत वितरण कंपनी, वन विभाग तथा सामाजिक वानिकी विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

## पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**खण्डवा ।** अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कृत्रिम गर्भाधान की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही पशु चिकित्सा विभाग की ओर से कार्यरत मैत्रियों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अक्रियाशील मैत्रियों के पंजीयन निरस्त करने एवं उनसे किट वापस लेने के निर्देश दिए। श्रीमती गौड़ा ने बैठक में कृत्रिम गर्भाधान कार्य में कम प्रगति वाले सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों बंटी विजय, एम.एस. मुजाल्दे, विष्णु

**बैठक** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों, प्रतिनिधि तथा समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक

## समान नागरिक संहिता के लिए गठित समिति की बैठक में लोगों ने दिए सुझाव

**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा ।** समान नागरिक संहिता के लिए प्रदेश सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य प्रोफेसर गोपाल शर्मा एवं डॉ. शोभा पैठणकर ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, बार काउंसिल के सदस्य, महिला एवं बाल अधिकार संरक्षण से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधि तथा समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक पंधाना छाया मोरे, विधायक मांधाता नारायण पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, अपर कलेक्टर के.आर. बढ़ोले, के अलावा एसएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सोमपाल सिंह, शहर काजी सैयद निसार अली, रणवीर सिंह चावला सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।




बैठक में सभी धर्मों एवं वर्गों के प्रतिनिधियों ने समान नागरिक संहिता के सम्बंध में अपने अपने विचार व्यक्त किए। समान नागरिक संहिता के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य प्रोफेसर गोपाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि देश की मजबूती के लिए जरूरी है कि एक देश, एक कानून की भावना से समान नागरिक संहिता लागू हो। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों की सहमति से प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकगण समान नागरिक संहिता के लिए वेबसाइट नबबण्उचण्हवअण्पद के माध्यम से अपने सुझाव दर्ज करा सकते हैं। समिति की सदस्य डॉ. शोभा पैठणकर ने इस अवसर पर कहा कि सभी धर्मों में महिलाओं का सम्मान रहे। महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए समान नागरिक संहिता का लागू होना जरूरी है। सांसद श्री पाटिल ने इस अवसर पर कहा कि सरकार सभी धर्मों और सभी वर्गों पर एकसमान कानून लागू कर सभी को समान अधिकार देना चाहती है। इसी उद्देश्य से समान नागरिक संहिता के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। मांधाता विधायक नारायण पटेल ने कहा कि समान नागरिक संहिता देश की मजबूती के लिए जरूरी है।